सोशल मीडिया सेल जनपद आजमगढ़

पत्र सं0– 71/2023 **दिनांक– 24 फरवरी 2023**

प्रेस- विज्ञप्ति

थाना देवगांव
25 हजार पुरस्कार घोषित अन्तरजनपदीय चोर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद
पूर्व की घटना:-
दिनांक 10.02.2023 अभियुक्त अपने साथियों के साथ स्कार्पियो से कस्बा लालगंज में एक दूकान में चोरी करने की योजना बनाते समय एजाज एहमद, शाहिद, आदिल तथा विश्वनाथ गुप्ता पकड़ लिये गये थे परन्तु हसीब उर्फ शेरू व छेदी, आकिल, वाकिफ मौके से भाग गये थे। पकड़े गये व्यक्तियों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 57/2023 धारा 401,411 भादवि पंजीकृत किया गया था। फरार अभियुक्त की तलाशी की जा रही थी।
गिरफ्तारी का विवरण:-
दिनांक 24.02.2023 को प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे, उपनिरीक्षक देवेन्द्रनाथ दुबे, निरीक्षक अपराध रुद्रभान पाण्डेय व वरिष्ट उपनिरीक्षक रत्नेश दुबे पुलिस फोर्स के लालगंज भीरा मार्ग पर स्थित कबीरा पुलिया देवगाँव बरदह बार्डर पर मौजूद थे कि मुखबीर खास ने बताया कि एक बदमाश फूलपुर में पुलिस मुठभेड़ से बचकर भागा था वह मोटर साइकिल से बरदह भीरा होते हुए लालगंज की तरफ आने वाला है।
मुखबिर की सूचना पर योजना बनाकर पुलिस बल की दो टीम बनायी गयी। योजनानुसार निरीक्षक अपराध रूद्रभान पाण्डेय को उक्त बनायी गयी टीम के साथ कबीरा पुलिया पर व अन्य टीम मुड़ी रोड़ पर वाहन को रोड़ पर खड़ी कर सतर्कता के साथ चेकिंग करने लगे। कुछ देर बाद एक व्यक्ति मोटर साइकिल से भीरा की तरफ से काफी तेज गति से आता हुआ दिखाई दिया। नि0अ0 रूद्रभान पाण्डेय मय हमराहीयान द्वारा उक्त व्यक्ति को सतर्कता पूर्वक रोकने का प्रयास किया तो वाहन चालक न रूकते हुए काफी तेज गति से लालगंज की तरफ भागा। चारो तरफ से पुलिस टीम से घिरा हुआ देखकर उबड़ खाबड़ कच्चे रास्ते पर हड़बड़ाकर मुड़ गया व कुछ दूर कच्चे रास्ते पर स्थित गढ्ढे में मोटर साइकिल फिसल जाने के कारण रास्ते से बायें तरफ गिर पड़ा।
प्रभारी निरीक्षक देवगाँव व समस्त पुलिस बल द्वारा आत्मसमर्पण हेतु चेतावनी देने पर अभियुक्त ने जान से मारने की नियत से लक्ष्य कर पुलिस टीम पर एक फायर किया। जिसमें निरीक्षक अपराध रूद्रभान पाण्डेय बाल-बाल बचे।
बदमाश ने पुनः जान से मारने की नियत से अपने तमंचे से एक राउण्ड फायर किया जो उपनिरीक्षक देवेन्द्रनाथ दूबे के पास से गुजरी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गई जिसमें बदमाश के बांये पैर में गोली लगी। बदमाश कराहते हुए जमीन पर गिर गया व तमन्चा हाथ से छुटकर गिर गया।
अभियुक्त को समय करीब समय करीब 01.22 बजे हिरासत पुलिस लिया गया।
पूछताछ का विवरण:-
गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हसीब उर्फ शेरू पुत्र मुस्ताक निवासी नत्थुपुर नटबस्ती थाना जियनपुर जनपद आजगमढ़ उम्र करीब 22 वर्ष के रूप में हुयी।
अभियुक्त से भागने व पुलिस पर फायर करने का कारण पूछने पर बताया कि आज सुबह फूलपुर में अपने साथी वाकिफ पुत्र कलाम निवासी नियाउज थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ के साथ स्कार्पियो वाहन से एक घटना को अंजाम देने जा रहे थे तो फूलपुर पुलिस से मुठभेड़ हो गयी थी। मेरा साथी वाकिफ पुलिस पर फायर करने लगा और मै मौका पाकर वहां से भाग गया। बचते बचाते हुए बरदह थाना क्षेत्र में आया तथा भीरा बाजार में एक जगह अपने चुराई हुई मोटर साइकिल जो अपने साथियों साहिद, आदिल, वाकिफ, छेदी, अकील के साथ जौनपुर में चोरी किये थे उसको लेकर लालगंज होकर जियनपुर की तरफ जाने वाला था कि पुलिस से मुठभेड़ हो गयी। मै अपने साथियों साहिद, आदिल, वाकिफ, छेदी, अकील के साथ मिलकर

- ➡ दिनांक 15.11.2022 को ग्राम ओहनी से 02 भैंस चोरी किया था। जिसको बेचने से मेरे हिस्से में मिला रुपया खर्च हो गया।
- ➡ दिनांक 01.01.2023 को टीकरगाढ़ में पंचायत भवन से बैटरी व इन्वर्टर व एलसीडी आदि चोरी किये थे।
- ➡ दिनांक 10.02.2023 मै अपने साथियों के साथ स्कार्पियो से कस्बा लालगंज में एक दूकान में चोरी करने की नियत से आये थे। किन्तु मेरे साथी एजाज एहमद, शाहिद, आदिल तथा विश्वनाथ गुप्ता पकड़ लिये गये थे परन्तु मै व छेदी, आकिल, वाकिफ मौके से भाग गये थे। हम लोग स्कार्पियो वाहन से घूम घूमकर आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर, जौनपुर आदि जनपदों में भेड़ बकरी, भैस की चोरी करते हैं तथा उसे बेचने से जो पैसा मिलता है उसे हम लोग आपस में बांट कर लेते हैं।

पंजीकृत अभियोग-
मु.अ.स. 83/2023 धारा 307,411,413भादवि व 3/25 *A. Act*
बरामदगी का विवरण-
01 देशी तमंचा .315 बोर
02 खोखा कारतूस .315 बोर
01 अदद कारतूस .315 बोर व 01 चोरी की ग्लैमर मोटर साईकिल

आपराधिक इतिहास-

1. मु.अ.सं. 55/2023 धारा 401,411 भादवि देवगाँव आजमगढ़
2. मु.अ.स 04/2023 धारा 380 भादवि देवगाँव आजमगढ़
3. मु.अ.सं. 208/2022 धारा 457/380 भादवि तहबरपुर आजमगढ़
4. मु.अ.सं. 89/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम जीयनपुर आजमगढ़
5. मु.अ.सं. 145/2019 धारा 3,5,8 गोवध निवारण अधिनियम मुबारकपुर आजमगढ़

गिरफ्तार अभियुक्तः-

हसीब उर्फ शेरू पुत्र मुस्ताक निवासी नत्थुपुर नटबस्ती थाना जियनपुर जनपद आजगमढ़ उम्र करीब 22 वर्ष

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम-

प्र0नि0 गजानन्द चौबे थाना देवगाँव आजमगढ़
नि0अ0 रूद्रभान पाण्डेय थाना देवगाव जनपद आजमगढ
व0उ0नि0 रत्नेश कुमार दुबे थाना देवगाव जनपद आजमगढ
उ0नि0 देवेन्द्रनाथ दूबे चौकी प्रभारी लालगंज थाना देवगाँव आजमगढ़
हे0का0 ओमप्रकाश सिंह थाना देवगाव जनपद आजमगढ
हे0का0 तनवीर असलम थाना देवगाव जनपद आजमगढ
हे0का0 संजय दूबे थाना देवगाँव आजमगढ़
का0 शिवम तिवारी थाना देवगाव जनपद आजमगढ
का0 कुलदीप वर्मा थाना देवगाँव आजमगढ़
का0 प्रदीप कुमार पटेल चौकी लालगंज थाना देवगाँव आजमगढ़